# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

16 – 11 – 2023

Thursday



## 1. भारत का रणनीतिक कदम: आर्थिक और ऊर्जा परिवर्तन के लिए 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी



खान मंत्रालय में सचिव वी.एल. कांथा राव ने कहा है कि खान मंत्रालय अगले दो सप्ताह में लीथियम और ग्रेफाइट सहित महत्वपूर्ण खनिजों के 20 खंडों की नीलामी करने की प्रक्रिया में है। नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 (आईआईटीएफ) में खनन मंडप "कनेक्टिंग बियॉन्ड माइनिंग" का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए खान मंत्रालय के सचिव श्री वी.एल. कांथा राव ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और प्रसंस्करण के लिए स्वदेशी तकनीक की खोज की जाएगी। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने अपने वर्चुअल माध्यम से प्रसारित संदेश में कहा, "खनिज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग हैं और खनिज कई उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप में काम करते हैं, लेकिन कम कार्बन-उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था में ऊर्जा उपयोग में बदलाव के लिए भी महत्वपूर्ण और अत्यंत आवश्यक हैं, और हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित प्रतिबद्धता" नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को 'शून्य कार्बन उत्सर्जन' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक होगा। हाल ही में सरकार ने लीथियम, कोबाल्ट और टाइटेनियम जैसे नए युग के खनिजों सहित महत्वपूर्ण खनिजों की एक सूची की पहचान की है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन और रक्षा जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। सरकार ने हाल के वर्षों में, खनन क्षेत्र को निजी भागीदारी और विशेष रूप से खनिज अन्वेषण के लिए खोलने के लिए महत्वपूर्ण सुधार पेश किए हैं। खनन और खनिज क्षेत्र में चल रहे अग्रणी सुधारों के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, खान मंत्रालय नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) में 14 से 27 नवंबर 2023 तक एक अत्याधुनिक खनन मंडप का प्रदर्शन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य आम जनता को हमारे दैनिक जीवन में खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान करना है, जो हमारे भोजन की थाली की सामग्री से लेकर बिजली उत्पादन, मोबाइल फोन की बैटरी और यहां तक कि दवाओं के उत्पादन तक सब कुछ को प्रभावित करते हैं। खदानें और खनिज हमारे दैनिक जीवन की प्रमुख आवश्यकता हैं। खनिज मानव प्रगति के लिए मौलिक हैं। वे न केवल कई उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप में काम करते हैं, बल्कि कम कार्बन-उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में वैश्विक परिवर्तन को शक्ति प्रदान करने के लिए भी महत्वपूर्ण और आवश्यक हैं, जिन्हें 'शून्य कार्बन उत्सर्जन' की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए आवश्यक होगा।

## 2. न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और वेस्टइंडीज की हीली मैथ्यूज ने ICC प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता



आईसीसी ने अक्टूबर महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का एलान कर दिया है। पुरुषों में न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ने यह पुरस्कार अपने नाम किया है। वहीं, महिलाओं में वेस्टइंडीज की हीली मैथ्यूज ने यह अवॉर्ड जीता है। विश्व कप 2023 में शानदार खेल दिखाने वाले रचिन ने जसप्रीत बुमराह और क्विंटन डिकॉक को पछाड़कर यह पुरस्कार हासिल किया। रवींद्र का विश्व कप 2023 अभियान शानदार रहा है और उन्होंने टूर्नामेंट में कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। नौ नवंबर तक, रवींद्र मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में सबसे आगे हैं। रवींद्र के नौ ग्रुप स्टेज मैचों में 565 रन हैं और वह क्विंटन डिकॉक से आगे हैं, जिन्होंने अपने आखिरी वनडे विश्व कप में आठ मैचों में 550 रन बनाए हैं। वर्ल्ड कप 2023 में रचिन रवींद्र ने शुरुआती मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ शतक बनाया। नाबाद 123 रनों की इस पारी ने उन्हें वनडे विश्व कप में शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का न्यूजीलैंड का खिलाड़ी बना दिया और वह अपने विश्व कप पदार्पण पर शतक लगाने वाले केवल चौथे कीवी खिलाड़ी बन गए। उनका शतक विश्व कप में किसी भी किवी खिलाड़ी का सबसे तेज शतक था, जो केवल 82 गेंदों में बनाया गया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ दो और शतकों के

साथ-साथ दो अर्धशतकों के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका शतक विशेष रूप से प्रभावशाली था, जिसमें उन्होंने केवल 89 गेंदों पर 130.34 के स्ट्राइक रेट के साथ 116 रन बनाए। पाकिस्तान के खिलाफ, उन्होंने केवल 94 गेंदों पर 108 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड को वनडे विश्व कप में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाने में मदद मिली। महिलाओं में यह पुरस्कार जीतने वाली 25 वर्षीय हीली मैथ्यूज खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे के टी20 सीरीज के दौरान 99*, 132 और 79 के स्कोर बनाए। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बनीं। मैथ्यूज ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में 36 रन देकर तीन विकेट लिए और कैरेबियाई टीम को यादगार जीत दिलाई। इसके बाद ऑलराउंडर ने वनडे सीरीज में 20 और 23 के स्कोर बनाए।

### 3. ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को नए विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी कैबिनेट में बड़ा बदलाव किया. इस दौरान उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को विदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी. उन्हें जेम्स क्लेवरली की जगह नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है. वहीं, जेम्स क्लेवरवी को सुएला ब्रेवरमैन की जगह देश का गृह मंत्री नियुक्त किया गया है. कैमरन ने 2010 से 2016 बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पदभार संभाला. डेविड कैमरन ने साल 2011 में फ्रांस के साथ मिलकर लीबिया में हवाई हमले किए. उस समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की सेनाओं को उखाड़ फेंकने में ब्रिटेन की भूमिका पर उन्हें गर्व है. हालांकि, कैमरन को अपने इस फैसले की वजह से जमकर आलोचना झेलनी पड़ी थी. दरअसल, गद्दाफी के तख्तापलट के बाद लीबिया में हिंसा बढ़ गई. इतना ही नहीं वहां इस्लामिक स्टेट ने भी अपने पैर जमा लिए. वहीं, विदेशी मामलों की समिति ने तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड कैमरन पर हवाई अभियान के लिए सुसंगत रणनीति की कमी का आरोप लगाया. समिति ने कहा कि उन्हें हस्तक्षेप के बारे में सटीक खुफिया जानकारी नहीं दी गई थी और इससे उत्तरी अफ्रीका में तथाकथित इस्लामिक स्टेट का उदय हुआ. डेविड कैमरन ने अपने पीएम कार्यकाल में चीन के साथ ब्रिटेन के संबंधों के स्वर्ण युग की शुरुआत की. कैमरन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संबंधों को बेहतर बनाने और ट्रेड को मजबूत करने के लिए साल 2015 में गोल्डन एरा पॉलिसी बनाई थी. जिसकी घोषणा डेविड कैमरन ने शी जिनपिंग की ब्रिटेन विजिट से पहले कर दी थी. हालांकि, आठ साल बाद सुनक ने चीन से संबंधों में बदलाव को लेकर रणनीति को बदलने की बात कही. उन्होंने कहा कि चीन लगातार दुनिया में अपने दबदबे के लिए हर ताकत का इस्तेमाल कर रहा है. इसी दौरान शी जिनपिंग और डेविड कैमरन की एक फोटों भी खूब चर्चा में रही थी, जिसमें दोनों नेताओं के हाथ में बियर भरी ग्लास थी. 57 वर्षीय कैमरन ने 'ब्रेक्जिट' (यूरोपीय संघ से अलग होने पर) जनमत संग्रह के बाद 2016 में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. इतना ही नहीं इसके बाद भी उन्होंने कहा कि उन्हें जनमत संग्रह करवाने का कोई अफसोस नहीं है. यह वादा उन्होंने 2015 के आम चुनाव से पहले किया था. इससे पहले कैमरन को 2011 में उस समय कड़ी आलोचना झेलनी पड़ी थी, जब उन्होंने नई ईयू-व्यापार संधि रोकने के लिए वीटो का इस्तेमाल किया था. इसको लेकर तत्काली प्रधानमंत्री ने कहा था कि उन्होंने ये फैसला देश हित में लिया है.

### 4. दुनिया की पहली रोबोट सीईओ बनी Mika



ग्लोबल कंपनी ने हाल ही में घोषणा की है कि उसने अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में पहले ह्यूमनॉइड रोबोट को नियुक्त किया है। पोलिश रम कंपनी डिक्टाडोर ने घोषणा की कि उसने फर्म का नेतृत्व करने के लिए एआई-पॉवर्ड ह्यूमनॉइड रोबोट 'Mika' को नियुक्त किया है। कंपनी ने कहा है कि पहली सीईओ महिला रोबोट के रूप में, Mika एक बोर्ड सदस्य है जो डिक्टाडोर की ओर से संचालन का संचालन करती है। बता दें, डिक्टाडोर ने पिछले साल अगस्त में मिका नाम के एआई-पावर्ड रोबोट को अपना एक्सपेरिमेंटल सीईओ नियुक्त किया था। डिक्टाडोर के यूरोपीय अध्यक्ष मारेक स्ज़ोल्ड्रोव्स्की के अनुसार, अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, मिका किसी भी कर्मचारी को बर्खास्त नहीं करेगी,

क्योंकि डिक्टाडोर में प्रमुख निर्णय अभी भी मानव अधिकारियों द्वारा किए जाएंगे। डिक्टाडोर में अपने कामों के अलावा, मिका कंपनी के आर्थहाउस स्पिरिट्स विकेन्द्रीकृत स्वायत्त संगठन परियोजना का नेतृत्व करती है, जिसमें एनएफटी का संग्रह शामिल है, और इसके डीएओ समुदाय के साथ जुड़ती है, जैसा कि इसकी वेबसाइट पर बताया गया है। मिका को प्रसिद्ध एआई रोबोट सोफिया के पीछे की कंपनी हैनसन रोबोटिक्स द्वारा बनाया गया था। जबकि डिक्टाडोर किसी बॉट को सीईओ के रूप में नियुक्त करने में अग्रणी नहीं है, एक चीनी गेमिंग फर्म ने पिछले साल अपनी सहायक कंपनी के सीईओ के रूप में "एआई-पॉवर्ड वर्चुअल ह्यूमनॉइड रोबोट" को नियुक्त किया था। मीका को मानद प्रोफेसर की उपाधि दी गई है। वारसॉ में 2023/24 कॉलेजियम ह्यूमनम यूनिवर्सिटी के उद्घाटन में महिला ह्यूमनॉइड रोबोट को पुरस्कार दिया गया। उन्होंने मंच पर भाषण दिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की खूबियों पर प्रकाश डाला।

### 5. महाराष्ट्र ने 1994 के बाद पहली बार राजा भालिंदर ट्रॉफी जीती




हाल ही में संपन्न 2023 के राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिकिज्म, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल का असाधारण प्रदर्शन हुआ, जिसमें पूरे भारत से लगभग 11,000 एथलीटों ने 45 विभिन्न खेलों में भाग लिया। महाराष्ट्र निर्विवाद चैंपियन के रूप में उभरा, जिसने पदक तालिका में शीर्ष स्थान का दावा किया और समग्र चैंपियनशिप के लिए प्रतिष्ठित राजा भालिंदर सिंह रोलिंग ट्रॉफी हासिल की। महाराष्ट्र ने 80 स्वर्ण पदक, 69 रजत पदक और 79 कांस्य पदक सहित कुल 228 पदक हासिल किए। इस जीत ने 1994 के बाद शीर्ष स्थान पर उनकी वापसी को चिह्नित किया, जिससे शीर्ष पर सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) का शासन समाप्त हो गया, जो 2007 से कायम था। सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन बरकरार रखते हुए पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। एसएससीबी एथलीटों ने कुल 66 स्वर्ण, 27 रजत और 33 कांस्य पदक जीते, जो सराहनीय कुल 126 पदक तक पहुंच गया। यह देश में असाधारण एथलीटों के पोषण में सैन्य खेल कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित करता है। भारतीय खेलों में पावरहाउस और एशियाई खेलों में सर्वाधिक पदक विजेताओं वाले राज्य हरियाणा ने तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने 62 स्वर्ण, 55 रजत और 75 कांस्य पदक हासिल किए, जिससे कुल 192 पदक हो गए। मध्य प्रदेश ने 37 स्वर्ण, 36 रजत और 39 कांस्य पदक (कुल 112) के साथ चौथा स्थान हासिल किया। केरल ने 36 स्वर्ण, 24 रजत और 27 कांस्य पदक (कुल 87) के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। मेजबान राज्य गोवा ने राष्ट्रीय खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 स्वर्ण सहित 92 पदकों के साथ 9वां स्थान हासिल किया। खेलों के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट कर्नाटक के तैराक श्रीहरि नटराज थे, जिन्होंने 8 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक के साथ शानदार प्रदर्शन किया। ओडिशा की जिमनास्ट संयुक्ता प्रसेन काले और प्रणति नायक को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट के रूप में मनाया गया, जिनमें से प्रत्येक ने 4 स्वर्ण और 1 रजत जीता। अंतिम दिन विभिन्न विषयों में रोमांचक प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें महाराष्ट्र ने पहले ही अपना शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। पंजाब की अमनदीप द्राल ने दिल्ली गोल्फ कोर्स में चमकते हुए महिलाओं की स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक जीते। कर्नाटक के यशस चंद्रा ने पुरुष गोल्फ वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र ने योगासन में अपना दबदबा जारी रखते हुए प्रस्तावित पांच में से तीन स्वर्ण पदक जीते। शूटिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अभिदन्या पाटिल, ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, लक्ष्य श्योराण और राजेश्वरी कुमारी ने अपने-अपने राज्यों के लिए स्वर्ण पदक हासिल किए। पंजाब के हरवीर सिंह ने पुरुषों की 120 किमी रोड रेस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, और राजस्थान की मोनिका जाट ने महिलाओं की 30 किमी टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक जीता। हैंडबॉल फाइनल में एसएससीबी और हरियाणा विजयी रहे और उन्होंने इस रोमांचक टीम खेल में स्वर्ण पदक जीता।

### 6. दिल्ली में 42वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले की शुरुआत



दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में विश्व व्यापार मेले की शुरुआत होने जा रही है. इस विश्व व्यापार मेले का आयोजन इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (IITF) द्वारा किया जा रहा है, जो 14 से 27 नवंबर तक चलेगा. मेले का उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोमप्रकाश करेंगे. इस बार इस मेले का 42 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है, जिसकी थीम वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है. इस मेले में 13 देशों के साथ 25 राज्य समेत देश-विदेश के 3500 प्रतिभागी भाग लेंगे. इस मेले का पार्टनर राज्य बिहार और केरल है. जबकि फ़ोकस राज्य दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश हैं. 14 नवंबर से शुरू हो रहे मेले में 18 नवंबर तक सिर्फ व्यवसायियों को शिरकत करने की अनुमति दी गयी है, जबकि 19 से 27 नवंबर आम लोगों को इस मेले में प्रवेश दिया जाएगा. मेले की टिकट ऑनलाइन माध्यम के अलावा सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़ कर दिल्ली के चुनिंदा 55 मेट्रो स्टेशन के काउंटरों से बिक्री की जाएगी. इस मेले के लिए भव्य तैयारियां की गई हैं और इस बार यह मेला पहले से ज्यादा बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया है. जिसकी भव्यता और खूबसूरती में भारत मंडपम में लगे विभिन्न फाउंटेन और भी चार-चांद लगा रहे हैं. IITF के डिप्टी जीएम कृष्ण कुमार ने बताया कि मेला परिसर में हॉल संख्या 4 के पास एक एकड़ में बड़ा फाउंटेन बना है. इसके अलावा सभी गेट के साथ IITF के फ्रंट गेट पर भी फाउंटेन है. वहीं परिसर के बाहर मथुरा रोड-भैरव मार्ग पर भी फाउंटेन लगा हुआ है. इन सभी फाउंटेन में 10 फीट ऊंची पानी की बौछारें चलेगी. वहीं प्रदूषण से बचाव के लिए भी उपयुक्त तैयारियां की गई है. IITF के जीएम कुमार ने बताया कि गार्डन में स्प्रिंकलर सिस्टम से पानी का लगातार छिड़काव होगा. जिससे धूल आदि से बचाव हो सके. वहीं सड़कों पर भी पानी के छिड़काव के साथ सफाई के लिए वाटर स्प्रे के साथ मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन लगाई गई है. उन्होंने बताया कि इस बार पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा क्षेत्र यानी 1,20,000 वर्ग मीटर एरिया में इस मेले का आयोजन किया जा रहा है. ऐसे में प्रदूषण से निपटने के लिए मेला परिसर में एंटी स्मॉग गन, स्मॉग टावर, ड्रिप इरीगेशन सिस्टम, एक दर्जन फाउंटेन में लगभग 5000 से अधिक नेजल स्प्रे से प्रदूषण को नियंत्रित करने की योजना तैयार की गई है. जिसके लिए दिल्ली जल बोर्ड से जरूरत के अनुसार पानी के टैंकर की व्यवस्था भी की गई है.

### 7. सैमसंग ने अपने जेनरेटिव एआई मॉडल Samsung Gauss का अनावरण किया




दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग ने 'सैमसंग गॉस' नामक अपना स्वयं का जेनरेटिव एआई मॉडल पेश करके चैट में प्रवेश किया है। सैमसंग गॉस (Gauss AI) का अनावरण सैमसंग एआई फोरम 2023 इवेंट के दौरान किया गया, जिसे सैमसंग एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आर एंडएं डी परिसर मेंआयोजित किया गया था। इसके अलावा, सैमसंग के नये AI मॉडल को आगामी गैलेक्सी S24 श्रृंखला में प्रदर्शित किये जाने की भी उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2024 तक सैमसंग अपने मोबाइल के मुख्य फीचर्स में जेनरेटिव एआई को शामिल करने जा रहा है। यह संभवतः सैमसंग गैलेक्सी S24 सीरीज और उसके बाद आने वाली सीरीज के साथ होगा। सैमसंग की गैलेक्सी S24 सीरीज पहले से ही बहुप्रतीक्षित है और अगर सैमसंग लॉन्च से पहले इसमें AI पेश करता है, तो उत्पाद को एक बड़ा विक्रय बिंदु मिल सकता है। यह मॉडल मानव भाषा को समझेगा और संसाधित करेगा और फिर उपयोगकर्ताओं के लिए उत्तर तैयार करेगा। इसकी मदद से ईमेल लिख सकते हैं, संपादित कर सकते हैं, दस्तावेजों का सारांश तैयार कर सकते हैं, आदि। उत्पादों पर लागू होने पर यह स्मार्ट डिवाइस नियंत्रण की पेशकश करके भी आपकी मदद करेगा। साथ ही यह क्लाउड सर्वर के साथ-साथ आपके फोन, पीसी आदि दोनों पर काम करता है। यह विशेष रूप से कोडर्स को रुचिकर बनाएगा। यह कोड भाषाओं में माहिर है और कोड नामक एक सहायक के साथ भी आता है। इसका उपयोग सैमसंग द्वारा आंतरिक रूप से एक इंटरैक्टि व इंटरफेस के माध्यम से त्वरित और आसान सॉफ्टवेयर विकास के लिए भी किया जाएगा। इससे किसी भी इमेज को आसानी से बना और एडिट कर पाएंगे। एक छोटे टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के साथ, आप एक पूरी नयी छवि तैयार कर सकते हैं. आप किसी छवि की शैली भी बदल सकते हैं, कम-रिजॉल्यूशन छवियों को उच्च-रिजॉल्यूशन छवियों में परिवर्तित कर सकते हैं, और मौजूदा छवि में चीजें जोड़ सकते हैं। सैमसंग गॉस का उपयोग वर्तमान मेंसैमसंग कर्मचारियों द्वारा आंतरिक रूप से किया जा रहा है। हालांकि, इसे जल्द ही लागू करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। सैमसंग गॉस

मॉडल के ऑन-डिवाइस एप्लिकेशन की अनुमति देकर उपयोगकर्ता की गोपनीयता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि निजी जानकारी सुरक्षित और उपयोगकर्ता के नियंत्रण में रहे। इसके अतिरिक्त, सैमसंग ने एआई मॉडल के सुरक्षा और गोपनीयता पहलुओं का आकलन करने और उन्हें मजबूत करने के लिए समर्पित एक एआई रेड टीम की स्थापना की है।

### 8. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय झारखंड दौरा



झारखंड दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी रेल, सड़क, शिक्षा, कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कई क्षेत्रों में लगभग 7200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी क्रम में 15 नवंबर को आइआइएम रांची और ट्रिपल आइटी के भवनों का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इससे पूर्व वह भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाएंगे। उलिहातू से पीएम विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत करेंगे। यहीं से ऑनलाइन माध्यम से आइआइएम रांची के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन करेंगे। इसे लेकर आइआइएम रांची में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्थान के विवेकानंद सभागार में निदेशक दीपक श्रीवास्तव के अलावे सभी फैकल्टी व छात्र छात्राएं इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। वे पीएम नरेंद्र मोदी का अभिभाषण सुनेंगे। वहीं ट्रिपल आइटी में भी इसे लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची-खूंटी दौरे को लेकर रिम्स अलर्ट मोड पर है। रिम्स ट्रॉमा सेंटर के तीसरे तल्ले के आइसीयू बी में मेडिकल इमरजेंसी को लेकर क्रिटिकल केयर में पांच बेड तैयार किए गए हैं। मेडिकल इमरजेंसी को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से आइसीयू की गहन जांच की गयी और दवाओं से लेकर हर इमरजेंसी उपकरण को दुरुस्त किया गया। मेटल डिटेक्टर से लैस प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने बेड व पूरे कमरे की गहनता से जांच की। साथ ही ब्लड बैंक को ए-पाजिटिव ब्लड की उपलब्धता तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। स्थापना दिवस के अवसर पर भी रिम्स के कार्यालय खुले रहेंगे। इस बीच ट्रामा सेंटर में डाक्टरों की विशेष रूप से प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके लिए अलग-अलग चिकित्सकों को दायित्व सौंपा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची व खूंटी दौरे को लेकर सिविल सर्जन की ओर से स्वास्थ्य टीम गठित की गई, जिसमें से एक टीम खूंटी सिविल सर्जन के आग्रह पर खूंटी भेजी गई। सिविल सर्जन ने बताया कि आपात स्थिति के लिए छह रक्तदाता तैयार हैं।

## QUIZ

**1. भारत में प्रतिवर्ष बाल दिवस कब मनाया जाता है?**

**(a) 13 नवंबर**
**(b) 15 नवंबर**
**(c) 16 नवंबर**
**(d) 14 नवंबर**

**हर साल पूरे भारत में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है. यह भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. यह दिवस पंडित नेहरू के सम्मान में मनाया जाता है. इस वर्ष के बाल दिवस की थीम, 'हर बच्चे के लिए, हर अधिकार' (For every child, every right), दुनिया भर में हर बच्चे के अधिकारों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है.**

**2. माउंट एवरेस्ट के पास 21,500 फीट से स्काईडाइव करने वाली पहली महिला कौन बनी है?**

**(a) अरुणिमा सिन्हा**
**(b) शीतल महाजन**
**(c) कृष्णा पूरी**
**(d) अदिति अशोक**

**भारतीय स्काइडाइवर शीतल महाजन ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के सामने 21,500 फीट की ऊंचाई से हेलीकॉप्टर से छलांग लगाकर स्काईडाइव करने वाली पहली महिला बन गयी है. जिसके बाद वह 17,444 फीट की ऊंचाई पर 'कालापत्थर' चोटी पर उतरी. वह एक प्रसिद्ध भारतीय स्काइडाइवर हैं, जिनके पास कई स्काइडाइविंग रिकॉर्ड हैं और 2001 में चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया था.**

**3. सहारा समूह के संस्थापक कौन थे जिनका हाल ही में निधन हो गया है?**

**(a) सुब्रत रॉय**
**(b) सुदर्शन रॉय**

(c) राणा कपूर
(d) अभिनन्दन आनंद

सहारा समूह के संस्थापक और अध्यक्ष सुब्रत रॉय का 75 वर्ष की आयु में मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया. 1948 में बिहार के अररिया में जन्मे सुब्रत रॉय ने 1978 में सहारा इंडिया परिवार की शुरुआत की थी. सुब्रत रॉय का जन्म 10 जून 1948 को बिहार के अररिया में हुआ था. सहारा ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि केवल 2,000 रुपये की पूंजी से शुरुआत करने वाली कंपनी ने उद्यमिता में अग्रणी बनने के लिए एक लंबा सफर तय किया है। बाद में उनका परिवार बिहार से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर चला गया। इसके बाद, सुब्रत रॉय 1990 के दशक में लखनऊ चले गए और शहर को अपने समूह का मुख्यालय बनाया।

**4. आईसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन बनीं है?**
(a) डायना एडुल्जी
(b) अंजुम चोपड़ा
(c) मिताली राज
(d) पूनम यादव

पूर्व भारतीय कप्तान डायना एडुल्जी पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने अपने हाल ऑफ फेम में शामिल किया है. उनके साथ भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और श्रीलंका के अरविंद डिसिल्वा को भी हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया है. डायना ने 1976 से 1993 के बीच भारत के लिए 54 मैच खेले और 100 से अधिक विकेट हासिल किये थे.

**5. हाल ही में विश्व मधुमेह दिवस कब मनाया गया है?**
(a) 13 नवंबर
(b) 15 नवंबर
(c) 14 नवंबर
(d) 16 नवंबर

प्रतिवर्ष 14 नवंबर को मधुमेह दिवस (World Diabetes Day) मनाया जाता है। डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जो कुछ स्थितियों में जानलेवा हो सकती है। वैश्विक स्तर पर लोगों को मधुमेह के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल एक खास थीम के साथ मधुमेह दिवस मनाया जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, दुनियाभर में 500 मिलियन से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित हैं और अगले 30 वर्षों में यह संख्या दोगुनी से अधिक 130 करोड़ तक पहुंचने की आशंका है। डायबिटीज के जोखिम को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है।

**6. भारतीय रेलवे की "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" पहल अब कितने स्टेशनों पर चालू है?**
(a) 1,000
(b) 1,037
(c) 1,041
(d) 1,150

भारतीय रेलवे की "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" पहल अब देशभर के 1,037 स्टेशनों पर चालू है. यह पहल स्थानीय लोगों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए विशिष्ट रूप से डिज़ाइन किया गया है. यह योजना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद द्वारा डिजाइन की गई है. योजना का पायलट प्रोजेक्ट 25 मार्च 2022 को शुरू किया गया था.

**7. आईसीसी ने हाल ही में किस देश के क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया है?**
(a) पाकिस्तान
(b) नेपाल
(c) बांग्लादेश
(d) श्रीलंका

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट की आईसीसी सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. आईसीसी ने यह निर्णय एक सदस्य के रूप में दायित्वों के गंभीर उल्लंघन के कारण लिया है. गौरतलब है कि श्रीलंका विश्वकप 2023 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और टूर्नामेंट से बाहर हो गया है. आईसीसी अगर किसी देश के क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर देता है, तो वो देश बैन हटने तक किसी भी तरह के आईसीसी इवेंट का हिस्सा नहीं बन सकता है. इसका मतलब है कि अब जब तक श्रीलंका की सदस्यता को फिर से बहाल नहीं किया जाएगा, तब तक श्रीलंका की क्रिकेट टीम आईसीसी के किसी भी टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएगी. आईसीसी वर्ल्ड कप में भी श्रीलंका की टीम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, और ये घटनाएं उनके क्रिकेटिंग भविष्य पर खतरा पैदा कर सकती है.

**8. ब्रिटेन के नए विदेश मंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) लिज़ ट्रस
(b) डेविड कैमरन

(c) जेम्स क्लेवरली
(d) जाकिर अहमद

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी कैबिनेट में बड़ा बदलाव किया. इस दौरान उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन को विदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी. उन्हें जेम्स क्लेवरली की जगह नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है. वहीं, जेम्स क्लेवरवी को सुएला ब्रेवरमैन की जगह देश का गृह मंत्री नियुक्त किया गया है. कैमरन ने 2010 से 2016 बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पदभार संभाला. डेविड कैमरन ने साल 2011 में फ्रांस के साथ मिलकर लीबिया में हवाई हमले किए. उस समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की सेनाओं को उखाड़ फेंकने में ब्रिटेन की भूमिका पर उन्हें गर्व है.

**ONE LINER**

दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में विश्व व्यापार मेले की शुरुआत होने जा रही है कब से कब तक चलेगा - 14 से 27 नवंबर

हाल ही में किसने अपने जेनरेटिव एआई मॉडल Samsung Gauss का अनावरण किया - सैमसंग

भारत में प्रतिवर्ष बाल दिवस कब मनाया जाता है - 14 नवंबर

भारतीय रेलवे की "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" पहल अब कितने स्टेशनों पर चालू है - 1,037

हाल ही में विश्व मधुमेह दिवस कब मनाया गया है - 14 नवंबर

आईसीसी ने हाल ही में किस देश के क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया है - श्रीलंका

ब्रिटेन के नए विदेश मंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया है - डेविड कैमरन

माउंट एवरेस्ट के पास 21,500 फीट से स्काईडाइव करने वाली पहली महिला कौन बनी है - शीतल महाजन

सहारा समूह के संस्थापक कौन थे जिनका हाल ही में निधन हो गया है - सुब्रत रॉय

आईसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन बनीं है - डायना एडुल्जी